**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में गठित एस0एल0एस0एम0सी0 की दिनांक 22.06.2018 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची संलग्न है।

निदेशक, सूडा/मिशन निदेशक, एसएलएनए द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत भागीदारी में किफायती आवास घटक के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के 288 आवास, जनपद गाजियाबाद में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के 1056 आवास तथा पीपीपी मॉडल पर निजी भागीदारीकर्ता द्वारा इलाहाबाद विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में 141 आवास, बरेली विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में 364 आवास, आगरा विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में 365 आवास एवं हापुड़–पिलुखवा विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में 880 आवास अर्थात् कुल 06 परियोजनाओं में 3094 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी हैं, जिन्हें एस0एल0ए0सी0 द्वारा दिनांक 20.06.2018 एवं 21.06.2018 को परीक्षण कर स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया आवास) हेतु 06 जनपदों की 19 नगर निकायों में 11661 आवासों की डी0पी0आर0 तथा लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) हेतु 16 जनपदों में 44 नगर निकायों की 4722 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी हैं। जिन्हें एस0एल0ए0सी0 द्वारा दिनांक 22.06.2018 को परीक्षण कर स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस प्रकार तीनों घटकों में 69 परियोजनाओं में कुल 19477 आवासों की डी0पी0आर0 एस0एल0ए0सी0 द्वारा परीक्षणोपरान्त अग्रसारित किया गया है।

विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त एजेण्डा बिन्दुवार निम्नवत् निर्णय लिये गये :–

**एजेण्डा बिन्दु सं0 1:–प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत भागीदारी में किफायती आवास घटक में 06 जनपदों में 3094 आवासों की डी0पी0आर0 की स्वीकृति पर विचार।**

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत भागीदारी में किफायती आवास घटक हेतु 06 जनपदों में 3094 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी है, जिनका विवरण निम्नवत हैः–

(धनराशि लाख में)

| क्र. सं. | अभिकरण/विकास क्षेत्र का नाम | जनपद | परियोजना का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | अभिकरण अंशदान | परियोजना लागत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Moradabad Development Authority | Moradabad | Sonakpur | 288 | 432.00 | 288.00 | 576.00 | 699.44 | 1995.44 |
| 2 | Ghaziabad Development Authority | Ghaziabad | Koyal Enclave | 1056 | 1584.00 | 1056.00 | 2112.00 | 6777.53 | 11529.53 |
| 3 | M/S Innovators Digital Ad Pvt.Ltd. (Allahabad Dev. Auth.) | Allahabad | Yamuna Enclave | 141 | 211.50 | 141.00 | 282.00 | 299.95 | 934.45 |
| 4 | M/S Mohan Infra Developers Pvt. Ltd | Bareilly | Khasra No.- 572, Hamirpur | 364 | 546.00 | 364.00 | 719.99 | 71.37 | 1701.36 |
| 5 | M/S Atul Infraestate Pvt. Ltd. (Agra Dev. Auth.) | Agra | Khasra No. 30, Mauja Patholi | 365 | 547.50 | 365.00 | 730.00 | 252.44 | 1894.94 |
| 6 | M/S Eureka Builders Pvt. Ltd . (Hapur Dev. Auth.) | Hapur | Mohan Vatika | 880 | 1320.00 | 880.00 | 1733.60 | 98.42 | 4032.02 |
| | | | **Total** | **3094** | **4641.00** | **3094.00** | **6153.59** | **8199.15** | **22087.74** |

प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन की गाइड लाइन्स के अनुसार उक्त घटक में ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी के लिए नये आवास हेतु अधिकतम 30 वर्ग मीटर कारपेट एरिया का प्राविधान है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा 01 परियोजना प्रस्तुत की गयी है, जिसमें प्रति आवास कारपेट एरिया 23.50 वर्ग मी0 का प्राविधान किया गया है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा 01 परियोजना प्रस्तुत की गयी है, जिसमें प्रति आवास कारपेट एरिया 22.77 वर्ग मी0 का प्राविधान किया गया है तथा प्रस्तुत डीपीआर में प्रति आवास का विक्रय मूल्य रु0 4.50 लाख निर्धारित किया गया है, जिसमें केन्द्रांश रु0 1.50 लाख, राज्यांश रु0 1.00 लाख व लाभार्थी अंशदान रु0 2.00 लाख है। इसके अतिरिक्त पीपीपी मॉडल पर निजी भागीदारीकर्ता मै0 दि इन्नोवेटर्स डिजीटल एडस प्रा0लि0 द्वारा इलाहाबाद विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत 01 परियोजना, मै0 अतुल इन्फ्रा0 एस्टेट प्रा0लि0 द्वारा आगरा विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत 01 परियोजना प्रस्तुत की गयी है, जिसमें प्रति आवास कारपेट एरिया 22.77 वर्ग मी0 का प्राविधान किया गया है तथा प्रस्तुत डीपीआर में प्रति आवास का विक्रय मूल्य रु0 4.50 लाख निर्धारित किया गया है, जिसमें केन्द्रांश रु0 1.50 लाख, राज्यांश रु0 1.00 लाख व लाभार्थी अंशदान रु0 2.00 लाख है। मै0 मोहन इन्फ्रा0 डवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा बरेली विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत 01 परियोजना प्रस्तुत की गयी है, जिसमें प्रति आवास कारपेट एरिया 25.64 वर्ग मी0 का प्राविधान किया गया है तथा प्रस्तुत डीपीआर में प्रति आवास का विक्रय मूल्य रु0 4.478 लाख निर्धारित किया गया है, जिसमें केन्द्रांश रु0 1.50 लाख, राज्यांश रु0 1.00 लाख व लाभार्थी अंशदान रु0 1.978 लाख है। मै0 यूरेका बिल्डर्स प्रा0लि0 द्वारा हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत 01 परियोजना प्रस्तुत की गयी है, जिसमें प्रति आवास कारपेट एरिया 22.87 वर्ग मी0 तथा प्रस्तुत डीपीआर में प्रति आवास का विक्रय मूल्य रु0 4.47 लाख निर्धारित किया गया है, जिसमें केन्द्रांश रु0 1.50 लाख, राज्यांश रु0 1.00 लाख व लाभार्थी अंशदान रु0 1.97 लाख है।

इस प्रकार प्रस्तुत 06 परियोजनाओं की कुल परियोजना लागत रु0 22,087.736 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 4,641.00 लाख, राज्यांश रु0 3,094.00 लाख, लाभार्थी अंशदान रु0 6,153.59 लाख तथा प्राधिकरण का अंशदान रु0 8,199.146 लाख है।

उपरोक्तानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत भागीदारी में किफायती आवास घटक की उक्त जनपद आगरा, बरेली, मुरादाबाद, इलाहाबाद, गाजियाबाद एवं हापुड़ की 06 परियोजनाओं में 3094 आवासों हेतु एस0एल0एस0एम0सी0 द्वारा विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की जाती है।

**एजेण्डा बिन्दु सं0 2:–प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया आवास) घटक में 06 जनपदों में 19 नगर निकायों की 11661 आवासों की डी0पी0आर0 एवं लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) घटक में 16 जनपदों में 44 नगर निकायों की 4722 आवासों की डी0पी0आर0 की स्वीकृति पर विचार।**

अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) हेतु 06 जनपदों की 19 नगर निकायों में 11661 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी है, जिनका विवरण निम्नवत है:–

(धनराशि लाख में)

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **BLC - New Construction** | | | | | | | | |
| 1 | Agra | Agra NN | 3742 | 5613.00 | 3742.00 | 3218.12 | 12573.12 | 3 |
| 2 | Agra | Samshabad NPP | 152 | 228.00 | 152.00 | 130.72 | 510.72 | 3 |
| 3 | Agra | Kheragarh NP | 304 | 456.00 | 304.00 | 261.44 | 1021.44 | 3 |

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Agra | Achhnera NPP | 136 | 204.00 | 136.00 | 116.96 | 456.96 | 3 |
| 5 | Agra | Etmadpur NPP | 369 | 553.50 | 369.00 | 317.34 | 1239.84 | 3 |
| 6 | Firozabad | Firozabad NN | 3812 | 5718.00 | 3812.00 | 3278.32 | 12808.32 | 3 |
| 7 | Kanauj | Talgram NP | 47 | 70.50 | 47.00 | 40.28 | 157.78 | 3 |
| 8 | Kanauj | Chhibramau NPP | 80 | 120.00 | 80.00 | 68.56 | 268.56 | 3 |
| 9 | Kanauj | Gursahaiganj NPP | 56 | 84.00 | 56.00 | 47.99 | 187.99 | 3 |
| 10 | Kanauj | Kannauj NPP | 90 | 135.00 | 90.00 | 77.13 | 302.13 | 3 |
| 11 | Kanauj | Samdhan NP | 127 | 190.50 | 127.00 | 108.84 | 426.34 | 3 |
| 12 | Amroha | Bachhraon NPP | 31 | 46.50 | 31.00 | 40.30 | 117.80 | 4 |
| 13 | Amroha | Gajraula NP | 26 | 39.00 | 26.00 | 33.80 | 98.80 | 4 |
| 14 | Amroha | Hasanpur NPP | 45 | 67.50 | 45.00 | 58.50 | 171.00 | 4 |
| 15 | Amroha | Amroha NPP | 606 | 909.00 | 606.00 | 787.80 | 2302.80 | 4 |
| 16 | Amroha | Ujhari NP | 22 | 33.00 | 22.00 | 28.60 | 83.60 | 4 |
| 17 | Ghaziabad | Loni NP | 147 | 220.50 | 147.00 | 192.32 | 559.82 | 4 |
| 18 | Ghaziabad | Ghaziabad NN | 1811 | 2716.50 | 1811.00 | 2369.28 | 6896.78 | 4 |
| 19 | Gonda | Mankapur NP | 58 | 87.00 | 58.00 | 75.40 | 220.40 | 4 |
| | | **Total** | **11661** | **17491.50** | **11661.00** | **11251.70** | **40404.20** | |

लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (विस्तार) हेतु 16 जनपदों की 44 नगर निकायों में 4722 आवासों की डी0पी0आर0 तैयार की गयी है, जिनका विवरण निम्नवत है:—

(धनराशि लाख में)

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **BLC - Enhancement** | | | | | | | | |
| 1 | Kaushambi | Sirathu NP | 42 | 63.00 | 38.04 | 1.08 | 102.12 | 2 |
| 2 | Agra | Achhnera NPP | 50 | 75.00 | 44.23 | 0.00 | 119.23 | 3 |
| 3 | Agra | Kheragarh NP | 44 | 66.00 | 38.92 | 0.00 | 104.92 | 3 |
| 4 | Agra | Shamsabad NPP | 81 | 121.50 | 71.66 | 0.00 | 193.16 | 3 |
| 5 | Azamgarh | Katghar Lalganj NP | 50 | 75.00 | 44.23 | 0.00 | 119.23 | 3 |
| 6 | Etawah | Bakewar NP | 31 | 46.50 | 14.05 | 0.37 | 60.92 | 3 |
| 7 | Firozabad | Firozabad NN | 490 | 735.00 | 278.61 | 0.00 | 1013.61 | 3 |
| 8 | Jaunpur | Badlapur NP | 31 | 46.50 | 26.39 | 0.00 | 72.89 | 3 |
| 9 | Jaunpur | Jafarabad NP | 50 | 75.00 | 44.23 | 0.00 | 119.23 | 3 |
| 10 | Jaunpur | Mariahu NP | 56 | 84.00 | 42.28 | 0.00 | 126.28 | 3 |
| 11 | Jaunpur | Shahganj NPP | 40 | 60.00 | 33.31 | 0.00 | 93.31 | 3 |
| 12 | Jaunpur | Kerakat NP | 103 | 154.50 | 86.45 | 0.00 | 240.95 | 3 |
| 13 | Jaunpur | Khetasarai NP | 46 | 69.00 | 40.69 | 0.00 | 109.69 | 3 |
| 14 | Kanauj | Tirwaganj NP | 25 | 37.50 | 25.00 | 0.84 | 63.34 | 3 |
| 15 | Kanauj | Talgram NP | 13 | 19.50 | 10.27 | 0.30 | 30.07 | 3 |

| क्र. सं. | जनपद | नगर निकाय का नाम | EWS आवासों की सं0 | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | परियोजना लागत | भूकम्पीय क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | Kanauj | Gursahaiganj NPP | 9 | 13.50 | 3.38 | 0.03 | 16.91 | 3 |
| 17 | Kanauj | Sikanderpur NP | 9 | 13.50 | 6.46 | 0.13 | 20.09 | 3 |
| 18 | Kanauj | Chhibramau NPP | 37 | 55.50 | 16.19 | 1.02 | 72.71 | 3 |
| 19 | Kanauj | Kannauj NPP | 37 | 55.50 | 18.93 | 0.20 | 74.63 | 3 |
| 20 | Kanauj | Samdhan NP | 25 | 37.50 | 12.71 | 0.77 | 50.98 | 3 |
| 21 | Lucknow | Bakshi Ka Talab NP | 163 | 244.50 | 74.58 | 10.37 | 329.45 | 3 |
| 22 | Mainpuri | Mainpuri NPP | 579 | 868.50 | 418.89 | 0.00 | 1287.39 | 3 |
| 23 | Pratapgarh | Patti NP | 16 | 24.00 | 16.00 | 0.54 | 40.54 | 3 |
| 24 | Pratapgarh | Kunda NP | 10 | 15.00 | 9.06 | 0.30 | 24.36 | 3 |
| 25 | Pratapgarh | Bela Pratapgarh NPP | 5 | 7.50 | 5.00 | 0.17 | 12.67 | 3 |
| 26 | Aligarh | Aligarh NN | 545 | 817.50 | 315.95 | 0.00 | 1133.45 | 4 |
| 27 | Bijnor | Nehtaur NPP | 539 | 808.50 | 512.48 | 0.00 | 1320.98 | 4 |
| 28 | Deoria | Gaura Barhaz NPP | 339 | 508.50 | 305.46 | 0.00 | 813.96 | 4 |
| 29 | Deoria | Salempur NP | 27 | 40.50 | 26.02 | 0.00 | 66.52 | 4 |
| 30 | Deoria | Bhatni Bazar NP | 48 | 72.00 | 44.65 | 0.00 | 116.65 | 4 |
| 31 | Deoria | Gauri Bazar NP | 142 | 213.00 | 126.68 | 0.00 | 339.68 | 4 |
| 32 | Deoria | Majhauliraj NP | 326 | 489.00 | 265.02 | 0.00 | 754.02 | 4 |
| 33 | Gonda | Katra NP | 36 | 54.00 | 34.70 | 0.00 | 88.70 | 4 |
| 34 | Gonda | Nawabganj NPP | 65 | 97.50 | 58.90 | 0.00 | 156.40 | 4 |
| 35 | Gonda | Mankapur NP | 15 | 22.50 | 14.46 | 0.00 | 36.96 | 4 |
| 36 | Gonda | Colonelganj NPP | 184 | 276.00 | 171.44 | 0.00 | 447.44 | 4 |
| 37 | Gonda | Gonda NPP | 7 | 10.50 | 6.75 | 0.00 | 17.25 | 4 |
| 38 | Saharanpur | Ambehta NP | 128 | 192.00 | 93.75 | 0.00 | 285.75 | 4 |
| 39 | Saharanpur | Chilkhana Sultanpur NP | 64 | 96.00 | 50.13 | 0.00 | 146.13 | 4 |
| 40 | Banda | Tindwari NP | 43 | 64.50 | 41.44 | 0.00 | 105.94 | BCS |
| 41 | Banda | Bisanda Buzurg NP | 7 | 10.50 | 5.68 | 0.00 | 16.18 | BCS |
| 42 | Banda | Oran NP | 9 | 13.50 | 7.95 | 0.00 | 21.45 | BCS |
| 43 | Banda | Atarra NPP | 126 | 189.00 | 121.43 | 0.00 | 310.43 | BCS |
| 44 | Banda | Baberu NP | 30 | 45.00 | 28.67 | 0.00 | 73.67 | BCS |
| | | **Total** | **4722** | **7,083.00** | **3,651.12** | **16.12** | **10,750.24** | |

प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन की गाइडलाइन्स के अनुसार लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण घटक में ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी के लिए नये आवास हेतु अधिकतम 30 वर्ग मीटर कारपेट एरिया का प्राविधान है। भूकम्पीय क्षेत्र–3 में 11 नगर निकायों में 8915 आवास प्रस्तावित है, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया 21.81 वर्ग मी0 रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत रु0 3.36 लाख है तथा भूकम्पीय क्षेत्र–4 में 08 नगर निकायों में 2746 आवास प्रस्तावित हैं, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया 21.77 वर्ग मी0 रखा गया है, जिसकी अनुमानित लागत रु0 3.80 लाख है। नये आवास निर्माण के लिए रू0 1.50 लाख प्रति आवास केन्द्रांश के सापेक्ष राज्यांश के रूप में रु0 1.00 लाख प्रति आवास दिया जायेगा, शेष धनराशि लाभार्थी द्वारा अंशदान/श्रमदान के रूप में स्वयं वहन की जायेगी। उक्त सभी लाभार्थियों का प्रमाणीकरण (validation) हो चुका है। उपरोक्त 06 जनपदों की 19 नगर निकायों में 11661 आवासों के

डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रु0 40,404.20 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 17,491.50 लाख, राज्यांश रु0 11,661.00 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 11,251.70 लाख है।

इसके अतिरिक्त उक्त घटक में ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी के लिए आवासों के विस्तार हेतु न्यूनतम 9 वर्ग मी0 तथा अधिकतम 21 वर्ग मीटर कारपेट एरिया का प्राविधान है। भूकम्पीय क्षेत्र–2 में 01 नगर निकाय में 42 आवास प्रस्तावित हैं, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया आवश्यकतानुसार 21 से 30 वर्ग मी0 रखा गया है। परियोजना की कुल लागत रु0 102.12 लाख, जिसमें केन्द्रांश रु0 63.00 लाख, राज्यांश रु0 38.04 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 01.08 लाख है। भूकम्पीय क्षेत्र–3 में 24 नगर निकायों में 2000 आवास प्रस्तावित हैं, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया आवश्यकतानुसार 21 से 30 वर्ग मी0 रखा गया है। परियोजना की कुल लागत रु0 4,396.56 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 3,000.00 लाख, राज्यांश रु0 1,381.52 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 15.04 लाख है। भूकम्पीय क्षेत्र–4 में 14 नगर निकायों में 2465 आवास प्रस्तावित हैं, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया आवश्यकतानुसार 21 से 30 वर्ग मी0 रखा गया है। परियोजना की कुल लागत रु0 5,723.89 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 3,697.50 लाख, राज्यांश रु0 2,026.39 लाख तथा लाभार्थी द्वारा कोई अंशदान की राशि वहन नहीं की जायेगी। इसके अतिरिक्त ब्लैक कॉटन स्वायल में 05 नगर निकायों में 215 आवास प्रस्तावित हैं, जिसमें प्रत्येक आवास का कारपेट एरिया आवश्यकतानुसार 21 से 30 वर्ग मी0 रखा गया है। परियोजना की कुल लागत रु0 527.67 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 322.50 लाख, राज्यांश रु0 205.17 लाख तथा लाभार्थी द्वारा कोई अंशदान की राशि वहन नहीं की जायेगी।

आवास विस्तार के लिए रू0 1.50 लाख तक केन्द्रांश से वहन की जायेगी तथा रु0 1.50 लाख से रु0 2.50 लाख तक राज्यांश के रूप में रु0 1.00 लाख प्रति आवास आवश्यकतानुसार दिया जायेगा। रु0 2.50 लाख तक लाभार्थी द्वारा कोई अंशदान की राशि वहन नहीं की जायेगी, परन्तु रु0 2.50 लाख से अधिक होने पर धनराशि लाभार्थी द्वारा अंशदान/श्रमदान के रूप में स्वयं वहन की जायेगी। उक्त सभी लाभार्थियों का प्रमाणीकरण (validation) हो चुका है। उपरोक्त 44 नगर निकायों में 4722 आवासों की डी0पी0आर0 की परियोजना लागत रु0 10,750.24 लाख है, जिसमें केन्द्रांश रु0 7,083.00 लाख, राज्यांश रु0 3,651.12 लाख तथा लाभार्थी अंशदान रु0 16.12 लाख है।

उपरोक्तानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिये आवास (शहरी) मिशन के अन्तर्गत भागीदारी में किफायती आवास घटक में 06 जनपदों की 06 परियोजनाओं में 3094 आवास, लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (नया) घटक के अन्तर्गत 06 जनपदों की 19 परियोजनाओं में 11661 आवास एवं आवास निर्माण (विस्तार) घटक के अन्तर्गत 16 जनपदों की 44 परियोजनाओं में 4722 आवास, अर्थात् कुल 19477 आवासों हेतु एस0एल0एस0एम0सी0 द्वारा विचारोपरान्त स्वीकृति प्रदान की गयी।

अन्त में मुख्य सचिव महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए निर्देशित किया गया कि उपरोक्त समस्त कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जाये।

22/6

(जी0एस0 प्रियदर्शी)
सचिव।

उत्तर प्रदेश शासन
नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम विभाग

संख्या–1130(1)/69–1–18–14(235)/2015
लखनऊ : दिनांक : 22 जून, 2018

कार्यालय–आदेश

उपरोक्त की एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है:–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. संयुक्त सचिव, आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार।
4. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार।
5. प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
9. प्रमुख सचिव, पर्यावरण विभाग, उ0प्र0 शासन।
10. सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
11. निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
12. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0।
13. निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश।
14. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजन, उत्तर प्रदेश।
15. संयोजक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बैंक ऑफ बड़ौदा।

22/6/18

(अनिल कुमार बाजपेयी)
विशेष सचिव।